रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/94 REGD. NO. D.L.-33004/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 35] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 23, 1994/अग्रहायण 2, 1916
No. 35] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 23, 1994/AGRAHAYANA 2, 1916

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर, 1994

संख्या एफ. 304-4/सी.सी.एफ./आर.ई.जी./94—अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अधिनियम, 1987 (1987 की संख्या 52) की धारा 23 की उप धारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् निम्नलिखित विनियम बनाती है :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन विनियमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (नई तकनीकी संस्थाए खोलना, पाठयक्रमों या नए कार्यक्रमों को शुरू करना और पाठयक्रमों या कार्यक्रमों में अनुमोदित प्रवेशार्थियों की जगहों की संख्या में वृद्धि हेतु अनुमोदन प्रदान करना) विनियम, 1994 कहा जाए।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. प्रयोज्यता:—ये विनियम निम्नलिखित प्रस्तावों पर लाग होंगे,

(क) विश्वविद्यालयों और विश्वविद्यालय विभागों और सम विश्वविद्यालयों सहित नई तकनीकी संस्थाओं की स्थापना हेतु परिषद् का अनुमोदन दिया जाना ; और साथ ही उन तकनीकी संस्थाओं के लिए जो डिग्री और डिप्लोमा स्तरों पर इन विनियमों के लाग होने की तिथि से कार्य कर रही हैं।

(ख) तकनीकी संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के तकनीकी विभागों या [illegible] में कोई पाठ्यक्रम या कार्यक्रम शुरू

(ग) परिषद् का वर्तमान प्रवेशार्थी संख्या तथा पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों की वार्षिक प्रवेशार्थी संख्या में वृद्धि हेतु अनुमोदन दिया जाना।

3. परिभाषाएं:—

इन विनियमों में यदि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हों :

(क) "अधिनियम" का अर्थ है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 की संख्या 52)

(ख) "ब्यूरो अ. म." का अर्थ है परिषद् का अध्ययन मंडल ब्यूरो;

(ग) "ब्यूरो मा. नि. जी.वि." का अर्थ है परिषद् का मानव शक्ति नियोजन और जीवन विकास ब्यूरो ;

(घ) "ब्यूरो मा. प्र." का अर्थ है परिषद् का मान्यता और प्रत्यायन ब्यूरो ;

(ज) "ब्यूरो क्षे. स." का अर्थ है परिषद् का क्षेत्रीय समिति ब्यूरो ;

(च) "परिषद्" का अर्थ है अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ;

(छ) "सम विश्वविद्यालय" का अर्थ है विश्वविद्यालय को छोड़कर उच्च शिक्षा की वह संस्था जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 की संख्या 3) की धारा 3 के अंतर्गत ऐसा घोषित किया जा चुका है;

(ज) "फार्म" का अर्थ है वह फार्म जिसे इन विनियमों के साथ संलग्न किया गया है ;

(झ) "क्षेत्रीय कार्यालय" का अर्थ है वह क्षेत्रीय कार्यालय जो परिषद [illegible] में कार्य कर रहा है ;

(ञ) "विश्वविद्यालय तकनीकी विभाग" का अर्थ है संबंधित विश्वविद्यालय का वह विभाग जो "तकनीकी शिक्षा" पाठ्यक्रमों या कार्यक्रमों का संचालन करता है ।

(ट) इन विनियमों में प्रयुक्त ऐसे सभी शब्द और अभिव्यक्तियां जिन्हें यहां परिभाषित नहीं किया गया है और जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 की संख्या 52) में परिभाषित हैं उनका अर्थ वही रहेगा जो उन्हें अधिनियम में दिया गया है ;

4. अनुमोदन देने की अपेक्षा :

(1) इन विनियमों के प्रारम्भ होने के बाद परिषद् के अनुमोदन के बिना,

(क) कोई भी नई तकनीकी संस्था या विश्वविद्यालय तकनीकी विभाग नहीं खोला जाएगा; या

(ख) कोई भी पाठ्यक्रम या कार्यक्रम सम विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय विभाग या कालेज सहित किसी तकनीकी संस्था, विश्वविद्यालय द्वारा शुरू नहीं किया जाएगा ; या

(ग) तकनीकी संस्थाएं, विश्वविद्यालय या सम विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय विभाग या कालेज डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रमों या कार्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश जारी नहीं रखेंगे ;

(घ) अनुमोदित प्रवेशार्थी संख्या में कोई वृद्धि या अंतर नहीं किया जाएगा ;

(2) अनुमोदन प्राप्ति के लिए आवेदनपत्र निम्नलिखित में से किसी के द्वारा भी उप-विनियम (1) के अंतर्गत किए जा सकेंगे ;

(i) सरकारी संस्थाओं, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्थाओं, सम विश्वविद्यालयों और विश्वविद्यालय विभागों या कालेजों ।

(ii) व्यावसायिक कालेजों के बारे में पंजीकृत सोसाटियां/न्यास ।

5. आवेदन पत्रों के लिए फार्म :

(1) कोई तकनीकी संस्था खोलने या इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से कार्य कर रही संस्थाओं के अनुमोदन के लिए या पाठ्यक्रम या कार्यक्रम शुरू करने के लिए या पाठ्यक्रमों में प्रवेशार्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए हर आवेदन पत्र उप-विनियम (2) में विनिर्दिष्ट फार्म में किया जाएगा और उसके साथ मांगे गए दस्तावेज संलग्न किए जाएंगे।

(2) (क) तकनीकी संस्था खोलने के लिए आवेदन पत्र फार्म-I में होगा।

(ख) इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से कार्य कर रही डिग्री स्तरीय संस्था के अनुमोदन के लिए आवेदन पत्र फार्म-II में किया जाएगा।

(ग) इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से कार्य कर रही डिप्लोमा स्तरीय संस्था के अनुमोदन के लिए आवेदन पत्र फार्म-III में किया जाएगा।

(घ) डिग्री स्तरीय संस्थाओं में अतिरिक्त पाठ्यक्रमों के शुरू करने या प्रवेशार्थियों की जगहों में वृद्धि करने के लिए आवेदन पत्र फार्म-IV में किया जाएगा।

(ङ) डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में अतिरिक्त पाठ्यक्रम शुरू करने या प्रवेशार्थियों की जगहों में वृद्धि करने के लिए आवेदन पत्र फार्म-V में किया जाएगा।

6. अनुमोदन प्रदान करने की शर्तें :

निम्नलिखित शर्तों को पूरा किए जाने पर हर आवेदनपत्र पर विनियम (4) के उप-विनियम (1) के अन्तर्गत विचार किया जाएगा :—

(i) वार्षिक आवर्ती खर्च को वहन करने के लिए समय-समय पर परिषद् द्वारा निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार आवेदक को विकसित भूमि में निवेश तथा संबंधित आधारिक संरचना और अनुषंगी सुविधाएं प्रदान करने के लिए वित्तीय स्थिति मजबूत होनी चाहिए;

(ii) मूल्यांकित तकनीकी मानव शक्ति मांगों के अनुसार ही पाठ्यक्रम या कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

(iii) परिषद् के विनियमों और निदेशों के अनुसार अपनी-अपनी तकनीकी संस्था या विश्वविद्यालय में प्रवेश किए जाएंगे।

(iv) परिषद् द्वारा निर्मित प्रक्रिया के अन्तर्गत मानदंडों के अनुसार शिक्षा और अन्य शुल्क लिए जाएंगे।

(v) समय-समय पर परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट मानदंडों और मानकों के अनुसार स्टाफ की भर्ती की जाएगी।

(vi) परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार प्राइवेट तकनीकी संस्थाओं के लिए शासी निकाय होंगे।

(vii) समय-समय पर परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य शर्तें।

7. आवेदन पत्रों का प्रस्तुत करना :

(1) अनुमोदन के लिए प्रत्येक आवेदनपत्र, 6 अतिरिक्त प्रतियों के साथ और सभी दृष्टि से पूर्ण, 31 दिसम्बर तक परवर्ती शिक्षा वर्ष में प्रारम्भ करने हेतु प्रस्तावित संस्थाओं या पाठ्यक्रमों के बारे में प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) सरकारी संस्थाओं और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्थाओं से अनुमोदन के लिए प्रत्येक प्रार्थनापत्र संबंधित राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय/राज्य मंडल की संबद्धता-स्वीकृति के साथ क्षेत्रीय समिति ब्यूरो को भेजा जाएगा।

(3) विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय विभाग या सम विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक आवेदनपत्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

(4) तकनीकी संस्थाएं जो इन विनियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से कार्य कर रही हैं और साथ-साथ डिग्री या डिप्लोमा स्तरीय नई तकनीकी संस्थाएं स्थापित करने हेतु या पाठ्यक्रमों या कार्यक्रमों और प्रवेशार्थियों की संख्या के अनुमोदन संबंधी प्रत्येक प्रार्थनापत्र पंजीकृत सोसाइटी/न्यास क्षे.स. ब्यूरो को भेजेगा और साथ ही संबंधित राज्य सरकार, विश्वविद्यालय या राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल, जो भी लागू हो, और स्थिति अनुसार संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भी भेजेगा।

8. आवेदनपत्रों की जांच :

(1) क्षे.स. ब्यूरो हर आवेदनपत्र की प्रारम्भिक जांच करेगा ;

(2) यदि क्षेत्रीय समिति ब्यूरो किसी कारण आवेदनपत्र को अपूर्ण पाता है तो वह आवेदनपत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर आवेदक को त्रुटियां बताते हुए लौटाएगा।

(3) आवेदनपत्र के सभी दृष्टि से पूर्ण पाए जाने पर क्षेत्रीय समिति ब्यूरो विनियमों में विनिर्दिष्ट पद्धति के अनुसार उसे संसाधित करेगा।

(4) उप-विनियम (3) में आने वाले आवेदनपत्रों पर क्षे. स. ब्यूरो निम्नलिखित से टिप्पणी/सिफारिशें आमंत्रित करेगा :

(i) संबंधित राज्य सरकार;

(ii) संबद्ध विश्वविद्यालय/राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल

(iii) मा.नि.जी.वि. ब्यूरो;

(iv) अ. म. ब्यूरो;

(v) मा.प्र. ब्यूरो;

(vi) क्षेत्रीय कार्यालय;

(5) उप-विनियम (2) के तहत परिषद् द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की यात्रा क्षेत्रीय कार्यालय विनियम 9 के उप-विनियम (2) के तहत व्यवस्थित करेगा और परिषद् के कार्यालय को क्षेत्रीय समिति की सिफारिशें अग्रेषित करेगा। ये सिफारिशें सामान्यतः 2 महीने के भीतर या परिषद् द्वारा स्वीकृत अवधि तक पहुंच जानी चाहिएं।

(6) विनियम 9 के उप-विनियम (4) के तहत गठित राज्य स्तरीय समिति उप-विनियम (4) में उल्लिखित राज्य सरकार या अन्यों की सिफारिशों पर विचार करेगी और केन्द्रीय कार्यबल को अपनी सिफारिशें भेजेगी।

(7) विनियम 9 के उप-विनियम (5) के तहत गठित केन्द्रीय कार्यबल राज्य स्तरीय समिति की सिफारिशों पर विचार करेगा और अपनी सिफारिशें परिषद् के सदस्य-सचिव के पास भेजेगा।

(8) यदि राज्य सरकार, विश्वविद्यालय या क्षेत्रीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों में कोई मतभेद है तो केन्द्रीय कार्यबल अन्तिम सिफारिश करने से पहले संबंधित अभिकरणों के प्रतिनिधियों को फिर परामर्श के लिए आमंत्रित करेगा।

(9) केन्द्रीय कार्यबल की सिफारिश पर परिषद् आवेदनपत्र में वांछित अनुमोदन देने के प्रश्न पर निर्णय लेगी;

परिषद् यथोचित प्रतिबंधों और संशोधनों के साथ अनुमोदन प्रदान कर सकती है और इसके लिए उसे आवेदक को कारण सूचित करने होंगे।

(10) परिषद् का निर्णय राज्य सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को, जैसी भी स्थिति हो, विश्वविद्यालय या संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और आवेदक को 30 अप्रैल तक सूचित किया जाएगा बशर्ते कि आवेदनपत्र गत 31 दिसम्बर से पहले किया गया है।

(11) यदि परिषद् ने किसी आवेदनपत्र को अस्वीकार कर दिया है तो आवेदक को आवेदनपत्र को अस्वीकृत करने के कारण सूचित करने होंगे।

(12) आवेदनपत्र की अस्वीकृति आवेदक को नए सिरे से आगामी शिक्षा वर्ष में आवेदन देने के लिए वंचित नहीं करेगी।

(13) परिषद्, हर वर्ष, 31 दिसम्बर से पहले अनुमोदित तकनीकी संस्थाओं, विश्वविद्यालयों विभागों या सम विश्वविद्यालय के नाम, जो तकनीकी शिक्षा में पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं, परिषद् द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम और कार्यक्रम तथा स्वीकृत जगहों की संख्या (वार्षिक प्रवेशार्थी संख्या) प्रकाशित करेगी। यह प्रकाशन-कार्य परिषद् प्रत्येक पाठ्यक्रम या कार्यक्रम के लिए करेगी और संबंधित प्राधिकारियों को इसके उद्धरण भी सूचित करेगी।

(14) उपविनियम (13) के तहत सूची के प्रकाशन के बाद अनुमोदित संस्थाओं/विश्वविद्यालयों/विभागों/सम विश्वविद्यालयों को किसी भी प्रकार के आवेदनपत्र को समय सारणी में परिवर्तन हेतु परिषद् को उचित और पर्याप्त कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

9. समितियां

(1) इन विनियमों के अन्तर्गत आवेदनपत्र संसाधित करने के लिए परिषद् निम्नलिखित समितियां गठित करेगी :

(1) विशेषज्ञ समिति

(2) राज्य स्तरीय समिति

(3) केन्द्रीय कार्यबल

(2) विशेषज्ञ समिति परिषद् द्वारा क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष की सलाह से गठित की जाएगी और उसमें संबंधित राज्य सरकार का प्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारी या उसका प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय या संबंधित मंडल का प्रतिनिधि और विशेषज्ञ सदस्य रहेंगे।

(3) उप-विनियम (2) के होते हुए भी अत्यावश्यक या विशिष्ट परिस्थितियों में आवेदनपत्रों के किसी विनिर्दिष्ट वर्ग या श्रेणी पर विचार करने के लिए परिषद् के अध्यक्ष कोई विशेषज्ञ समिति नियुक्त कर सकेंगे जिसमें परिषद् का अधिकारी सदस्य-सचिव के रूप में रहेगा।

(4) राज्य स्तरीय समिति में संबंधित क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष, तकनीकी शिक्षा को देख रहे संबंधित राज्य सरकार के सचिव और संबंधित राज्य सरकार के तकनीकी शिक्षा के निदेशक, दो कुलपति, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का एक निदेशक, कार्यकारिणी समिति का एक सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का प्रतिनिधि और शैक्षणिक संस्थाओं और उद्योग से परिषद् के अध्यक्ष द्वारा नामित विशेषज्ञ सदस्य, सलाहकार (अ.म.), सलाहकार (मा.नि.जी.वि.), सलाहकार (मा.प्र.), और सलाहकार (क्षे.स.), क्षेत्रीय अधिकारी, प्रमुख एन.टी.एम.आई.एस. परियोजना, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तकनीकी ब्यूरो के प्रतिनिधि और परिषद् द्वारा नामित कोई अन्य सदस्य। प्रसिद्ध शिक्षाविद्/उद्योगपति को परिषद् के अध्यक्ष द्वारा राज्य स्तरीय समिति का अध्यक्ष नामित किया जाएगा और सलाहकार (क्षेत्र.स.) को परिषद् द्वारा इस समिति का सदस्य-सचिव नामित किया जाएगा।

(5) केन्द्रीय कार्यबल—केन्द्रीय कार्यबल में परिषद् की कार्यकारिणी समिति के दो सदस्य, एक शैक्षिक योजनाकार/प्रशासक, दो विशेषज्ञ सदस्य और एक न्यायपालिका का सदस्य होगा। केन्द्रीय कार्यबल की अध्यक्षता कार्यकारिणी समिति का सदस्य जिन्हें अध्यक्ष नामित करें, करेगा और परिषद् का वह सलाहकार केन्द्रीय कार्यबल का सदस्य-सचिव होगा, जिन्हें परिषद् नामित करे। उन्हीं विशेषज्ञ सदस्यों को नामित किया जाएगा जो राज्य स्तरीय समिति के सदस्य न हों।

(6) इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी परिषद् किसी भी व्यक्ति या सदस्य को उपर्युक्त समितियों में सहयोजित कर सकती है।

(10.) व्याख्या

(1) इन विनियमों की व्याख्या के संबंध में यदि कोई प्रश्न उठता है तो उसका निर्णय परिषद् द्वारा किया जाएगा।

(2) इन विनियमों के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की शंका के निवारण के लिए स्पष्टीकरण जारी करने का परिषद् को अधिकार प्राप्त होगा।

(11) छूट का अधिकार

(12) अनुमोदन का वापस लेना

यदि विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय विभाग या सम विश्वविद्यालय या कालेज सहित कोई तकनीकी संस्था इन विनियमों के किन्हीं उपबंधों का अनुपालन नहीं करती है तो परिषद् समुचित जांच-पड़ताल के बाद और संबंधित तकनीकी संस्थाओं को सुनने का मौका देकर इन विनियमों के अधीन दिए गए अपने अनुमोदन को वापस ले सकती है।

कृपया प्रमाणीकरण से पहले सारणी और फार्म लाएं।

वाई.एन. चतुर्वेदी, सदस्य-सचिव

सारणी

[देखिए विनियम 8(15)]

अनुमोदनों के लिए आवेदन पत्रों के संसाधन की समय-सारणी और क्रम

क्र.सं.	आवेदन पत्र के संसाधन का चरण	अन्तिम तिथि जब तक कि संसाधन-कार्य पूरा हो जाना चाहिए
1.	क्षे.स.ब्यूरो, अभातशिप, द्वारा आवेदनपत्र प्राप्त करना ।	31 दिसम्बर
2.	क्षे.स. ब्यूरो के लिए (क) अपूर्ण आवेदनपत्रों को लौटाना, और (ख) प्रस्तावों को जांचना और टिप्पणियों के लिए अग्रेषित करना—(i) राज्य सरकार, (ii) विश्वविद्यालय/राज्य मंडल, (iii) अभातशिप द्वारा गठित विशेषज्ञ निरीक्षण समिति को क्षेत्रीय अधिकारी (क्षे.अ.) द्वारा निरीक्षण के लिए यात्राएं व्यवस्थित करना और (iv) परिषद् के ब्यूरो मा.नि.जी.वि., अ.मं., और मा.प्र.।	15 जनवरी
3.	टिप्पणियां प्राप्त करना—(i) राज्य सरकार, (ii) विश्वविद्यालय/राज्य मंडल और (iii) क्षे.स. की सिफारिशों के साथ विशेषज्ञ निरीक्षण समिति की रिपोर्ट, (iv) परिषद् के ब्यूरो से।	15 मार्च
4.	राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों/राज्य मंडलों, क्षेत्रीय समितियों और परिषद् के ब्यूरो से प्राप्त टिप्पणियां राज्य स्तरीय समिति के विचारार्थ।	31 मार्च
5.	केन्द्रीय कार्यबल, अभातशिप, द्वारा सिफारिशें देना ।	15 अप्रैल
6.	राज्य सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अन्तिम निर्णय सूचित करना और पाय हो क्षेत्रीय कार्यालय, निदेशक तकनीकी शिक्षा, सोसाइटी/न्यास, विश्वविद्यालय और/या तकनीकी शिक्षा मंडल को भी अवगत कराना।	30 अप्रैल

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

फार्म I

[देखिए, विनियम 5(2)(क)]

इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, फार्मेसी, अनुप्रयुक्त कलाओं आदि में डिग्री/डिप्लोमा संस्था स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के अनुमोदनार्थ आवेदन ।

इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, फार्मेसी, अनुप्रयुक्त कलाओं आदि में डिग्री/डिप्लोमा संस्थाएं स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए हिदायतें।

1. (क) निर्धारित फार्म में तथा विहित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण आवेदन पत्र की सात प्रतियां परिषद् के ब्यूरो (आर. सी.) को 31 दिसंबर तक अवश्य प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(ख) अपूर्ण एवं निर्धारित फार्मेट में प्रस्तुत न किए गए प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ग) जो प्रस्ताव विलम्ब से प्राप्त होंगे किंतु जो व्यवस्थित रूप में होंगे उन पर अनुवर्ती शैक्षिक वर्ष में कार्रवाई की जाएगी ।

(घ) प्रस्ताव केवल ए-4 आकार में प्रस्तुत किए जाने चाहिए। बड़े आकार वाले प्लेखों का आकार घटाकर ए-4 कर दिया

(ङ) यदि आवेदक द्वारा दी गई सूचनाओं और विवरणों को गलत पाया जाएगा तो आवेदन पत्र को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

2. प्रस्तावित संस्था के उपयोगार्थ अपेक्षित भू-क्षेत्र होना चाहिए जिस पर राज्य प्राधिकरणों के नियमों के अनुसार सोसाइटी/न्यास/संस्था के नाम में स्पष्ट हकनामा या पंजीकृत पट्टानामा होना चाहिए।

3. यदि सोसाइटी/न्यास/प्रस्तावित संस्था के पास अपेक्षित भू-क्षेत्र नहीं होगा तो प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4. आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्था को मिलकर संस्था और संबंधित राज्य प्राधिकरण के नाम में एक अक्षयनिधि सृजित करनी चाहिए जिसकी राशि अधिकतम वार्षिक प्रक्षिप्त आवर्ती व्यय के 30 प्रतिशत या राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र द्वारा निर्धारित राशि या रु. 10 लाख (इनमें जो भी अधिक हो) ।

5. (क) आवेदन के समय, आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्थान के पास किसी अनुसूचित बैंक में संस्था के नाम कम से कम 9 महीने से चालू बचत या सावधि जमा खाता (खाते) में परियोजना की कुल अनुमानित लागत के 10 प्रतिशत राशि जमा होनी चाहिए।

(ख) आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्था की कुल परिसंपत्तियों को प्रस्ताव की वित्तीय व्यवहार्यता के प्रमाणस्वरूप स्वीकार

3. क्या आवेदक न्यास/सोसाइटी का राज्य सरकार या अखिल भारतीय तकनीकी परिषद् के विरुद्ध कोई अदालती केस चल रहा है। यदि हां, तो संक्षिप्त विवरण दें ।

4. शैक्षिक सूचना

4.1 शैक्षिक कार्यक्रम जिन्हें आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है।

पाठ्यक्रम का नाम	अवधि (वर्ष)	प्रवेश	प्रारंभ करने का वर्ष	प्रवेश स्तर
इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरी	4 या 3	60	1993-94	12+ या 10+
कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी	4 या 3	60	1993-94	12+ या 10+
यांत्रिक इंजीनियरी	4 या 3	60	1993-94	12+ या 10+

टिप्पणी : विभिन्न कालमों में दिए गए विषय और संख्याएं केवल उदाहरण के लिए हैं।

4.2 कृपया उस पाठ्यचर्या और पाठ्य विवरण की प्रतियां नत्थी कर जिसका पालन संस्था द्वारा प्रत्येक प्रस्तावित पाठ्यक्रम के लिए किया जाएगा। साथ ही, शिक्षण एवं परीक्षा स्कीम भी संलग्न करें ।

5.0 क्या प्रस्ताव का समर्थन राज्य सरकार ने किया है ?

यदि हां, तो राज्य सरकार के सिफारिशी/अग्रेषण पत्र की प्रति संलग्न करें।

यदि नहीं तो उसके कारण दें (कृपया इस बात का ध्यान रखें कि डी टी ई या किसी अन्य निदेशक का पत्र ही पर्याप्त नहीं होगा)।

6.0 क्या प्रस्तावित पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से संबंद्ध करने के लिए संबंधक निकाय (संबंधित विश्वविद्यालय/तकनीकी शिक्षा बोर्ड) की रजामंदी/सहमति प्राप्त कर ली गई है ?

यदि हां, तो रजामंदी/सहमति पत्र की एक प्रति संलग्न करें।

यदि नहीं, तो उसके कारण बताएं।

7.0 औचित्य

7.1 क्या उस जिले में जिसमें प्रस्तावित कालेज स्थापित किया जाएगा एक या अधिक संस्थाओं में एक या अधिक प्रस्तावित पाठ्यक्रम पहले से ही चलाए जा रहे हैं ?

यदि हां, तो अलग-अलग स्वीकृति वार्षिक प्रवेशों सहित संस्थाओं के नामों और चलाए जा रहे पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) का उल्लेख करें ।

संस्था का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	जिले में कुल स्वीकृत प्रवेश
कोई भी	यांत्रिक इंजीनियरी	120
	सिविल इंजीनियरी	60

टिप्पणी : विभिन्न कालमों में दिए गए विषय और संख्याएं केवल

7.2 गत शैक्षिक वर्ष के दौरान प्रत्येक प्रस्तावित पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) में राज्य के अंतर्गत कुल उपलब्ध सीटों का उल्लेख कीजिए ।

पाठ्यक्रम का नाम	राज्य में कुल स्वीकृत प्रवेश
इलैक्ट्रानिक्स संचार, इंजीनियरी :	240
यांत्रिक इंजीनियरी	480

टिप्पणी : कालमों में दिए गए विषय और संख्याएं केवल उदाहरण के लिए हैं।

7.3 उपर्युक्त 7.1 और 7.2 को ध्यान में रखते हुए प्रक्षिप्त जनशक्ति मांग और औद्योगिक स्थिति तथा स्व-रोजगार की संभावनाओं की तुलना में प्रस्तावित विषयों एवं प्रवेशों को लागू करने के संबंध में विस्तृत विवरण दीजिए ।

7.4 प्रस्तावित संस्था के शैक्षिक आधार यथा प्रवेश में वृद्धि, नए पाठ्यक्रम शुरू करना, अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम आदि के विस्तार के लिए वर्षवार भावी योजना का उल्लेख कीजिए । कृपया इस बात का ध्यान रखें कि भावी अनुमोदन यहां दी गई सूचना के आधार पर ही दिए जाएंगे :

प्रस्तावित पाठ्यक्रम	पूर्णकालिक/ अंशकालिक/ सतत	प्रस्तावित प्रवेश	प्रारंभ करने का प्रस्तावित वर्ष

8.0 भूमि

IndiaCode

8.1 संस्थान की स्थापना के लिए कब्जागत भू-क्षेत्र (हेक्टेयर्स में) उल्लेख कीजिए (वांछित भू-क्षेत्र के निर्धारण के लिए कृपया अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के संगत मानक और मानदंड देखें)।

कृपया पंजीकरण प्रलेखों की एक प्रति संलग्न कीजिए ।

यह भी बताए कि क्या भू-क्षेत्र में केवल एक भू-खंड है या अधिक । एक से अधिक भू-खंड हैं तो एक नक्शा प्रस्तुत करें जिसमें प्रत्येक खंड का क्षेत्रफल और भू-खंडों की मध्य दूरियां दिखाई गई हों।

वैध स्वामित्व के लिए कृपया हिदायतें देखें ।

8.2 कृपया जिले की सड़कों का नक्शा संलग्न करें जिसमें संस्था का प्रस्तावित स्थल दिखाया गया हो।

8.3 क्या भूमि का उपयोग संस्था के प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है ? कृपया सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त भूमि उपयोग प्रमाण-पत्र की एक प्रति संलग्न करें ।

9.0 वित्त

9.1 क्या निकाय निधि/प्रक्षय निधि सृजित कर दी गई है और राज्य सरकार के यहां रेहन कर दी गई है। यदि हां, तो उसका प्रमाण संलग्न करें।

9.2 प्रस्तावित संस्था की स्थापना के लिए निवेश योग्य उपलब्ध शेष निधियों का ब्यौरा दें और उसकी पुष्टि में अद्यतन बैंक विवरणों, सावधि जमा रसीदों आदि की प्रतियां संलग्न करें। वचनपत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

9.3 कृपया सूचित करें कि अगले 3—4 वर्षों के दौरान भवनों, उपस्करों आदि में निवेशार्थ अतिरिक्त निधियां कैसे जुटाई जाएंगी । कृपया अपने विवरण की पुष्टि में प्रमाणित प्रलेख संलग्न करें ।

9.4 कृपया निम्नलिखित ढंग से वर्षवार वार्षिक प्रत्यागित आवर्ती व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करें (संस्था के स्थापना वर्ष से संबंधित 1, 2, 3 और 4 वर्ष) :

व्यय की मद	निम्नलिखित वर्षों के दौरान प्रत्यागित वार्षिक व्यय			
	1	2	3	4
क. शिक्षण स्टाफ का वेतन भत्ता हितलाभ आदि				
ख. तकनीकी सहायक स्टाफ का वेतन				
ग. गैर-तकनीकी सहायक स्टाफ का वेतन				
घ. प्रशिक्षण लागत				
ङ. उपस्कर और भवनों का अनुरक्षण				
च. पुस्तकालय				
छ. विविध आकस्मिकताएं				
ज. अन्य				

विस्तृत विवरण के लिए कृपया अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के संबंधित मानक एवं मानदंड दे।

9.5 कृपया स्पष्ट कीजिए कि 9.4 में उल्लिखित आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष निधियां किस प्रकार सृजित की जाएंगी ।

10.0 आधार-संरचना

10.1 यदि संस्था के स्थायी या अस्थायी आवास के लिए भवन पहले से ही उपलब्ध है/हैं तो निम्नलिखित ढंग से उसका/उनका कुरमी (वर्गमीटर) दीजिए :—

निर्माण का प्रकार	शिक्षण भवन	प्रशासनिक	सुविधाएं	छात्रावास	निवास	कुल क्षेत्र
(क) आर सी सी						
(ख) शेड						

फोटो सहित भू-खंड पर भवन का नक्शा (ले-आउट) और प्रत्येक भवन का पलोर नक्शा प्रस्तुत करें।

टिप्पणी : कृपया निम्नलिखित के संबंध में स्पष्ट प्रमाण संलग्न करें:

(क) संस्था के प्रयोजनों के लिए भवन (भवनों का उपयोग)।

(ख) भवन (भवनों) के निर्माणार्थ स्थानीय उपनियमों के अनुसार संबंधित प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अनुमोदित नक्शे।

(ग) भवन (भवनों) का समापन/कब्जा प्रमाणपत्र।

(घ) शहरी विकास प्राधिकारण की अनुमति।

10.2 यदि संस्था के लिए स्थायी भवन (भवनों) का निर्माण किया जाना हो तो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानकों एवं मानदंडों के अनुसार निम्नलिखित के लिए निर्माण की वर्षवार योजना प्रस्तुत करें :—

शिक्षणात्मक क्षेत्र (कक्षाएं, अनुशिक्षण कक्षाएं, ड्राइंग हाल, प्रयोगशालाएं, कर्मशालाएं, पुस्तकालय, शिक्षणात्मक संसाधन केंद्र, कम्प्यूटर केंद्र, परीक्षा भवन आदि); प्रशासनिक क्षेत्र (कार्यालय, स्टाफ कक्ष, सम्मेलन कक्ष, गोपनीय कक्ष, सम्पदा कार्यालय आदि) ; सुविधाएं (विनोद-कक्ष, खेल-कक्ष, एन सी सी, एन एस एस, कैंटीन, हॉबी केंद्र, औषधालय आदि); तथा रिहायशी क्षेत्र (छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, अतिथि गृह)।

संस्था के लिए भू-खंड पर प्रस्तावित भवन (भवनों) का नक्शा (ले-आउट) और प्रत्येक भवन का फ्लोर नक्शा दीजिए :

स्थान का नाम	निम्नलिखित वर्षों के दौरान निर्माण के लिए कुरसी क्षेत्र				
	कक्षाएं प्रारंभ करने से पूर्व की अवधि	संस्था का प्रथम वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
कक्षा कक्ष					
अनुशिक्षण कक्ष					
ड्राइंग हाल					
प्रयोगशालाएं					
कर्मशालाएं					

यहां जो स्थानों आदि के नाम दिए गए हैं वे केवल उदाहरण के लिए हैं। अधिक विवरण के लिये, कृपया अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के विषय संबंधी मानक एवं मानदंड देखें।

10.3 कृपया 10.2 में उल्लिखित भवनों के निर्माण-व्यय का वर्षवार प्राक्कलन दीजिए :

स्थान का नाम	निम्नलिखित वर्षों के दौरान अतिरिक्त निर्माण का व्यय				
	पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) प्रवेश में वृद्धि से पहले की अवधि	पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) प्रवेश में वृद्धि होने का दूसरा वर्ष	पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) प्रवेश में वृद्धि होने का तीसरा वर्ष	पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) प्रवेश में वृद्धि का तीसरा वर्ष	पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) प्रवेश में वृद्धि का चौथा वर्ष
कक्षा कक्ष					
अनुशिक्षण कक्ष					
ड्राइंग हाल					
प्रयोगशालाएं					
कर्मशालाएं					

यहां जो स्थानों आदि के नाम दिए गए हैं वे केवल उदाहरण के लिए हैं। अधिक विवरण के लिए, कृपया अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के

IndiaCode

10.4 प्रयोगशालाएं

विभिन्न प्रयोगशालाओं की स्थापना (अर्थात् उपस्कर प्रयोगशालाओं का इस्तेमाल किया जाना) की वर्षवार कार्य योजना दीजिए । साथ ही, उपस्करों, उपकरणों, जुड़नार और फिटिंग, फर्नीचर आदि प्राप्त करने की अनुमानित लागत भी दीजिए ।

प्रयोगशाला का नाम	निम्नलिखित वर्षों के दौरान विभिन्न प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए व्यय				
	कक्षाएं आरंभ होने से पहले की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
भौतिकी					
रसायन					
अनप्रयुक्त यांत्रिकी					

विस्तृत विवरण के लिए, कृपयामानक एवं मानदंड तथा पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) की विस्तृत पाठ्यचर्या देखिए ।

10.5 कर्मशालाएं

कृपया विभिन्न कर्मशालाओं की स्थापना की वर्षवार कार्ययोजना दीजिए । साथ ही, उपस्करों, औजारों, मशीनों, फर्नीचर, जुड़नार और फिटिंग आदि प्राप्त करने की अनुमानित लागत भी दीजिए ।

कार्यशाला का नाम	निम्नलिखित वर्षों के दौरान विभिन्न कर्मशालाओं की स्थापना के लिए व्यय				
	कक्षाएं आरंभ होने से पूर्व की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
बढ़ईगीरी					
फिटिंग					
ब्लाक					
वेल्डिंग					

विस्तृत विवरण के लिए कृपया मानक एवं मानदंड तथा पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) की विस्तृत पाठ्यचर्या देखें।

IndiaCode

10.6 अभिकलन सुविधाएं

कम्प्यूटर केंद्र स्थापित करने के लिए हार्डवेयर तथा सोफ्टवेयर मदों, फर्नीचर, फिटिंग तथा जुड़नार आदि प्राप्त करने की वर्षवार कार्ययोजना दीजिए । साथ ही, उनकी अनुमानित लागत भी दीजिए ।

सुविधाएं	निम्नलिखित वर्षों के दौरान विभिन्न अभिकलन सुविधाएं स्थापित करने के लिए व्यय				
	कक्षाएं शुरू होने से पूर्व अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
कम्प्यूटर केंद्र					
कम्प्यूटर					
प्रयोगशाला					
ग्राफिक					
प्रयोगशाला					

अधिक विवरण के लिए कृपया मानक एवं मानदंड तथा पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) की विस्तृत पाठ्यचर्या देखें ।

10.7 पुस्तकालय

कृपया पुस्तकों के प्रारंभिक स्टाक, वार्षिक पुस्तक (पाठ्य-पुस्तकें, संदर्भ-ग्रंथ, विश्वकोश आदि) वृद्धियां, पत्रिकाओं (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय), फर्नीचर, जुड़नार तथा फिटिंग आदि की अधिप्राप्ति के लिए वर्षवार कार्य योजना दीजिए और साथ ही उनकी अनुमानित लागत भी दीजिए ।

मद	निम्नलिखित वर्षों के दौरान पुस्तकालय की पुस्तकों/पत्रिकाओं की अधिप्राप्ति के लिए व्यय				
	कक्षाएं आरंभ होने से पूर्व की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
पाठ्यपुस्तकें					
संदर्भ पुस्तकें					
पत्रिकाएं					

IndiaCode

10.8 शिक्षण संकाय

कृपया शिक्षण संकाय (प्रिंसिपल, प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर/विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ लेक्चरार, लेक्चरार) की भर्ती के लिए कार्य योजना दीजिए।

संकाय काडर	संख्या पहले से उपलब्ध	संकाय का प्रकार (अंशकालिक/ पूर्णकालिक/ अभ्यागत)	निम्नलिखित वर्षों के दौरान भर्ती किए जाने वालों की संख्या				
			कक्षाएं आरंभ होने से पूर्व की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
प्रिंसिपल							
प्रोफेसर							
सहायक प्रोफेसर विभागाध्यक्ष							
वरिष्ठ लेक्चरार							
लेक्चरार							

कृपया स्टाफ के प्रत्येक वर्ग की संख्या भी दें, यदि पहले से उपलब्ध हो।

10.9 कर्मशाला स्टाफ :

कृपया कर्मशाला स्टाफ (कर्मशाला अधीक्षक, फोरमैन, इन्स्ट्रक्टर, कर्मशाला इन्स्ट्रक्टर/सहायक इन्स्ट्रक्टर, प्रयोगशाला तकनीशियन/सहायक, कुशल सहायक आदि) की भर्ती के लिए वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत कीजि कृपया स्टाफ के प्रत्येक वर्ग की संख्या भी दीजिए, यदि पहले से उप हो।

संकाय काडर	संख्या पहले से उपलब्ध	संकाय का प्रकार (अंशकालिक/ पूर्णकालिक/ अभ्यागत)	निम्नलिखित वर्षों के दौरान भर्ती किए जाने वालों की संख्या				
			कक्षाएं आरंभ होने से पूर्व की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथ वर्ष
कर्मशाला अधीक्षक							
फोरमैन							
इन्स्ट्रक्टर							
कर्मशाला इन्स्ट्रक्टर							

विस्तृत विवरण के लिए, कृपया अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के संबंधित मानक एवं मानदंड देखें।

IndiaCode

10.10 पुस्तकालय, आई आर सी तथा कम्प्यूटर स्टाफ:

पुस्तकालय, आई आर सी और कम्प्यूटर स्टाफ (पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, पुस्तकालय सहायक, सिस्टम मैनेजर, सिस्टम विश्लेषक, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, कम्प्यूटर प्रचालक आदि) की भर्ती के लिए वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत कीजिए । कृपया, स्टाफ के प्रत्येक वर्ग की संख्या भी दीजिए, यदि पहले से उपलब्ध हो ।

संवर्ग कार्डर	सं. पहले से उपलब्ध	संवर्ग का प्रकार (अंशकालिक/ पूर्णकालिक/ अभ्यागत)	निम्नलिखित वर्षों के दौरान भर्ती किए जाने वालों की संख्या				
			कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
पुस्तकालयाध्यक्ष							
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष							
सिस्टम मैनेजर							
सिस्टम विश्लेषक							
कम्प्यूटर प्रोग्रामर							
_____							
_____							
_____							

विस्तृत विवरण के लिए, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के संबंधित मानक एवं मानदंड देखें ।

10.11 तकनीकी सहायक एवं प्रशासनिक स्टाफ:

कृपया प्रशासनिक अधिकारी, वित्त अधिकारी, लेखाकार, आशुलिपि अनुरक्षण इंजीनियर, ड्राफ्टसमैन, कर्मशाला परिचर, पुस्तकालय परिचर आदि जैसे स्टाफ की भर्ती के लिए वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत कीजिए । स्टाफ के प्रत्येक वर्ग की संख्या भी दीजिए, यदि पहले से उपलब्ध हो ।

संवर्ग कार्डर	संख्या पहले से उपलब्ध	संवर्ग का प्रकार (अंशकालिक/ पूर्णकालिक/ अभ्यागत)	निम्नलिखित वर्षों के दौरान भर्ती किए जाने वालों की संख्या				
			कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व की अवधि	संस्था का पहला वर्ष	संस्था का दूसरा वर्ष	संस्था का तीसरा वर्ष	संस्था का चौथा वर्ष
प्रशासनिक अधिकारी							
वित्त अधिकारी							
लेखाकार							

IndiaCode

10.12 विभिन्न प्रयोगशालाओं/कर्मशालाओं में उपलब्ध कराए जाने वाले वर्षवार मुख्य उपस्करों (प्रति यूनिट रु. 5000/- या अधिक लागत वाले) की सूची तथा निम्नलिखित फार्मेट में संक्षिप्त विशिष्टियां :

प्रयोगशाला/कर्मशाला	उपस्कर का नाम	संक्षिप्त विशिष्टियां	उपलब्ध कराई जाने वाली मात्रा			
			I वर्ष	II वर्ष	III वर्ष	IV वर्ष

11. कृपया बताएं कि क्या पीने के पानी की सप्लाई नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से की जाती है और प्रयोगशालाओं/कर्मशालाओं आदि के लिए आवश्यक पानी उपलब्ध है; यदि नहीं तो यह बताएं कि पानी की नियमित पूर्ति के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था होगी ?

12. कृपया बताएं कि क्या बिजली की नियमित सप्लाई उपलब्ध होगी। इसकी पुष्टि में प्रलेख संलग्न करें।

कामबंदी/धरादियों (ब्रेकडाउन) के दौरान क्या आपाती व्यवस्था की जाएगी ?

13. यदि संस्था नगरपालिका सीमाओं के अंतर्गत स्थित नहीं है तो यह बताएं कि शहर से संस्था तक जाने-आने के लिए परिवहन की क्या व्यवस्था की जाएगी ?

14. प्रधिसंख्य संस्थाओं में संकाय की कमियां पाई गई हैं और अर्ध-शहरी तथा गैर-शहरी क्षेत्रों में स्थित संस्थाओं में ये कमियां और भी अधिक होंगी।

यह भी देखा गया है कि कुछ विषयों के लिए विभिन्न कारणों से सीमित संकाय उपलब्ध है।

उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए, संकाय संसाधन आधार बताएं, यदि उपलब्ध हो और यह भी सूचित करें कि आवेदक प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के लिए किस व्यक्ति को संकाय के लिए प्रस्तावित करना चाहता है।

15. यह देखा गया है कि सभी आवेदकों के पास इतने विशेषज्ञ नहीं होते कि वे किसी तकनीकी संस्था की स्थापना समन्वित ढंग तथा उचित प्रक्रिया (भौतिक एवं शैक्षिक रूप से) के अनुसार कर सकें। इस प्रयोजन के लिए यह आवश्यक हो गया है कि एक वरिष्ठ अनुभवी व्यक्ति को मुख्य परामर्शदाता रखा जाए जिसकी सहायता के लिए विषय के विशेषज्ञ हों ताकि प्रस्तावित संस्था की स्थापना करने में प्रबंधकवर्ग की सहायता और सलाह दी जा सके। अतः यह भी आवश्यक हो गया है कि परामर्शदाता और विषय-विशेषज्ञों का पता लगाया जाए और उनके साथ कम से कम पहले चार वर्षों के लिए एक करार निष्पादित किया जाए जिसके दौरान संस्था की स्थापना की जाएगी।

उपर्युक्त की दृष्टि से कृपया परामर्शदाताओं और विषय-विशेषज्ञों के नाम और उनकी योग्यताएं तथा पृष्ठभूमि दें। इसके अतिरिक्त परामर्शदाता और विषय विशेषज्ञ के साथ हस्ताक्षर किए गए करार पत्रों की प्रतियां भी संलग्न करें।

16. तकनीकी शिक्षा में प्रभाविकता लाने और छात्रों तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था करने हेतु तथा उद्योग के वरिष्ठ कार्मिकों द्वारा चुनिंदा व्याख्यान और सलाह दिलवाने के लिए यह आवश्यक है कि संस्था के आसपास संगत उद्योगों के साथ सम्पर्क स्थापित किया जाए।

उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए कृपया उन उद्योगों के नाम और उनकी अवस्थिति दें जिनके साथ सम्पर्क स्थापित किए जाने हों। साथ ही, उनके सहमति-पत्र भी संलग्न करें।

17. कृपया, अपने बैंकरों के नाम दें; साथ ही, प्रस्तावित संस्था के लिए उन बैंकों में खोले गए विभिन्न खातों के नम्बर भी दें।

18. कृपया उन लेखापरीक्षकों के नाम और पते दें जिन्हें प्रस्तावित संस्था के लिए नियुक्त किया गया है या नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव है।

19. कृपया न्यायिकेतर स्टांप कागज पर एक वचनबंध संलग्न करें जो संलग्न फार्मेट के अनुसार उप-पंजीयक या किसी समकक्ष सक्षम प्राधिकारी के यहां पंजीकृत हो (सरकार/विश्वविद्यालय पर लागू नहीं है)।

संस्थाओं/प्रबंध न्यासी/सोसाइटी/न्यास के अध्यक्ष
का नाम और हस्ताक्षर

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

फार्म II

[देखिए, विनियम 5(2)(ख)]

इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, फार्मेसी,
अनुप्रयुक्त कलाओं आदि में
अतिरिक्त पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) और/या
अतिरिक्त प्रवेश (प्रवेशों) के बिना
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का
अनुमोदन चाहने वाली वर्तमान डिग्री
संस्था (संस्थाओं) के लिए आवेदन

इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, फार्मेसी, अनुप्रयुक्त कलाओं आदि में अतिरिक्त पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) और/या अतिरिक्त प्रवेश (प्रवेशों) के बिना अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अनुमोदन चाहने वाली वर्तमान डिग्री संस्था (संस्थाओं) के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु हिदायतें।

IndiaCode

1. (क) निर्धारित फार्म में तथा विहित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण आवेदन-पत्र की सात प्रतियां परिषद के ब्यूरो (आर.सी.) को 31 दिसम्बर, तक अवश्य प्रस्तुत की जानी चाहिये।

(ख) अपूर्ण एवं निर्धारित फार्मेट में प्रस्तुत न किये गये प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ग) जो प्रस्ताव विलम्ब से प्राप्त होंगे किन्तु जो व्यवस्थित रूप में होंगे उन पर अनुवर्ती शैक्षिक वर्ष में कार्रवाई की जायेगी।

(घ) प्रस्ताव केवल ए-4 आकार में प्रस्तुत किये जाने चाहिये। बड़े आकार वाले प्रलेखों का आकार घटाकर ए-4 कर दिया जाना चाहिये।

(ङ) यदि आवेदक द्वारा दी गई सूचनाओं और विवरणों को गलत पाया जायेगा तो आवेदनपत्र को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

2. (क) प्रस्तावित संस्था के उपयोगार्थ अपेक्षित भू-क्षेत्र होना चाहिये जिस पर राज्य प्राधिकरणों के नियमों के अनुसार सोसाइटी/न्यास/संस्था के नाम में स्पष्ट हकनामा या पंजीकृत पट्टानामा होना चाहिये।

(ख) यदि सोसाइटी/न्यास/प्रस्तावित संस्था के पास अपेक्षित भू-क्षेत्र नहीं होगा तो प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

3. आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्था को मिलकर संस्था और संबंधित राज्य प्राधिकरण के नाम में एक अक्षयनिधि सृजित करनी चाहिये जिसकी राशि अधिकतम वार्षिक प्रक्षिप्त आवर्ती व्यय के 30 प्रतिशत या राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र द्वारा निर्धारित राशि या रु. 10 लाख (इनमें जो भी अधिक हो) हो।

4. (क) आवेदन के समय, आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्थान के पास किसी अनुसूचित बैंक में संस्था के नाम कम से कम 9 महीने से चालू बचत या सावधि जमा खाता (खाते) में परियोजना की कुल अनुमानित लागत के 10 प्रतिशत राशि जमा होनी चाहिये।

(ख) आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्था की कुल परिसम्पत्तियों को प्रस्ताव की वित्तीय व्यवहार्यता के प्रमाणस्वरूप स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ग) वचन-पत्रों को प्रस्तावित संस्था की स्थापना के लिये उपलब्ध राशि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है।

5. विशेषतः दूरवर्ती क्षेत्रों में यदि कोई संस्था स्थापित की जाती है तो इसके संबंध में स्वाभाविक कठिनाइयां ये होती हैं कि वहां शिक्षण संकाय और तकनीकी सहायक स्टाफ जाने को तैयार नहीं होता। इसलिये, आवेदक/सोसाइटी/न्यास/संस्थान को यह विश्वसनीय प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि संस्था के लिये स्टाफ उपलब्ध है और उसकी व्यवस्था की जा सकती है।

संलग्न किये जाने वाले प्रलेखों की सूची

आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि निम्नलिखित प्रलेख संलग्न किये जा रहे हैं:

(क) सोसाइटी/न्यास आदि के पंजीकरण प्रलेख की एक प्रति। उसके साथ सोसाइटी/न्यास आदि के गठन की प्रति भी संलग्न करें।

(ख) संस्था खोलने के लिये प्रति बैठक संगत सरकारी आदेशों की एक प्रति।

(ग) संस्थान/वर्तमान पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) के संबंधन की प्रति

(ङ) निम्नलिखित दस्तावेजों के स्पष्ट प्रमाण में सक्षम प्राधिकारियों के पत्र:

(1) नक्शे की एक प्रति जिसमें भू-खंड पर वर्तमान तथा प्रस्तावित भवन (भवनों) का नक्शा (ले-आउट) दिखाया गया हो और फोटो सहित प्रत्येक भवन का फ्लोर नक्शा।

(2) संस्था के भवन निर्माण के लिये स्थानीय उपनियमों के अनुसार संबंधित प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित नक्शे।

(3) भवनों का समापन/कब्जा प्रमाणपत्र।

(4) शहरी भूमि विकास प्राधिकरण की अनुमति।

(च) भूमि पंजीकरण कागजों/पंजीकृत पट्टानामा की एक प्रति (जो लागू हो)।

(छ) सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त भूमि उपयोग प्रमाणपत्र की एक प्रति जिसमें संस्था के प्रयोजनों के लिये उपयोग करने की अनुमति दी गई हो।

(ज) आवेदक के अधिशासी प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त इस आशय का एक प्रमाण-पत्र कि भूमि और सुविधाओं का उपयोग किसी अन्य संस्था/गतिविधि के लिये नहीं किया जा रहा है।

(झ) एक रेखाचित्र जिसमें प्रत्येक भू-खंड का क्षेत्र दिखाया गया हो और भू-खंडों की मध्य दूरियां दी गई हों, यदि भूमि क्षेत्र में एक से अधिक भू-खंड शामिल हों।

(ञ) शहर की सड़कों के नक्शे की एक प्रति जिसमें संस्था की अवस्थिति दिखाई गई हो।

(ट) निकाय निधि/अक्षय निधि सावधि जमा रसीदों की फोटो प्रतियां।

(ठ) शेष निधियों की उपलब्धता के संबंध में अद्यतन बैंक विवरणों, सावधि जमा रसीदों आदि की फोटो प्रतियां।

(ड) संस्थान के पिछले तीन वर्षों के आय/व्यय के विधिवत् परीक्षित विवरणों, तुलनपत्र और लेखापरीक्षित रिपोर्टों की फोटो प्रतियां।

(ढ) अतिरिक्त निधियां जुटाये जाने की पुष्टि में अधिप्रमाणित प्रलेख।

(ण) भवन (भवनों) के निर्माण के लिये स्थानीय उपनियमों के अनुसार संबंधित प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रस्तावित भवन (भवनों) के अनुमोदित फ्लोर नक्शे (अर्थात् सिविल ड्राइंग)।

(त) अनावर्ती खर्च को पूरा करने के लिये दावे की पुष्टि में अधिप्रमाणित प्रलेख।

(थ) वार्षिक आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिये संबंधित दावे के समर्थन में अधिप्रमाणित प्रलेख।

IndiaCode

करने के लिये एक वचनबध जो संलग्न फार्मेट के अनुसार उप-पंजीयक या अन्य सक्षम प्राधिकारी के यहां विधिवत् पंजीकृत हो।

(घ) संस्थान के प्रबंध के लिये जिम्मेदार निकाय/परिषद्/समिति की गत तीन बैठकों का कार्यवृत्त।

अनुबंध–I

न्यायिकेतर स्टांप कागज पर वचनबंध प्रस्तुत किया जाना चाहिये जो उप-पंजीयक या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी के यहां पंजीकृत हो।

मैं/हम (कालेज/संस्था/मंडल/न्यास/सोसाइटी आदि के न्यासी/अध्यक्ष/प्रिंसिपल/निदेशक का नाम) एतद्द्वारा वचन देता हूं/देते हैं कि मैं/हम————————सत्र से (पाठ्यक्रम/कालेज का नाम) आरंभ कर/स्थापित करने/सीटों की प्रवेश क्षमता से संबंधित अपने आवेदन (पत्र) के संबंध में निम्नलिखित शर्तों का पालन करूंगा/करेंगे :

1. प्रबंधकवर्ग (इसमें संस्थान/कालेज का शासी निकाय भी शामिल है) का गठन तथा निकाय/परिषद् के अध्यक्ष की नियुक्ति परिषद् मार्गनिर्देशों के अनुसार की जायेगी (अनुबंध–II)।

2. प्रबंधकवर्ग आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिये परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये गये मानकों एवं मानदंडों के अनुसार विकसित भूमि में निवेश करने संबंधित आधार-संरचनात्मक, शिक्षणात्मक एवं अन्य सुविधाएं, प्रदान करने के लिये निधियां उपलब्ध कराएगा।

3. पाठ्यक्रमों या कार्यक्रमों का संचालन तकनीकी कार्मिकों की निर्धारित मांगों के अनुसार किया जायेगा।

4. (क) दाखिले संबंधित तकनीकी संस्थाओं में प्रवेशार्थ परिषद के विनियम एवं निर्देशिका के अनुसार किये जायेंगे।

(ख) पाठ्यक्रमों में केवल तभी दाखिले दिये जायेंगे जब न्यूनतम अपेक्षित/विहित सुविधायें सृजित कर दी गई होंगी और संबंधक विश्वविद्यालय/राज्य बोर्ड ने पाठ्यक्रम आरंभ करने की अनुमति दे दी होगी।

(ग) संस्था परिषद् की पूर्व-सहमति के बिना किसी संस्था को बंद नहीं करायेगी या बंद कराने की अनुमति नहीं देगी या पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) को बंद नहीं करायेगी। अथवा सीटों की प्रवेश क्षमता में परिवर्तन नहीं करेगी।

5. शिक्षा तथा अन्य शुल्क परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये गये मानदंडों के अनुसार लिये जायेंगे। छात्रों/अभिभावकों से किसी भी रूप में कोई भी प्रति व्यक्ति फीस नहीं ली जायेगी।

6. संस्था के लेखाओं की परीक्षा प्रतिवर्ष किसी सनदी उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा उनका कभी भी निरीक्षण किया जा सकेगा।

7. शिक्षण तथा अन्य स्टाफ का चयन परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई प्रक्रियाओं, अर्हताओं, एवं अनुभव के अनुसार किया जायेगा।

8. प्रबंधकवर्ग अन्य उन शर्तों का भी पूरा पालन करेगा जो परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट की जायेंगी।

9. यदि (सोसाइटी/न्यास/मंडल/कालेज/संस्था आदि का नाम) परिषद द्वारा समय-समय पर निर्धारित/विहित किये गये मार्ग-निर्देशों, मानकों तथा शर्तों का पालन नहीं करेगा तो परिषद् या कोई निकाय या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को किन्हीं भी संबद्ध मुद्दों पर विचार किये बिना संस्था से अनुमोदन या मान्यता वापस लेने की कार्रवाई करने की स्वतन्त्रता होगी, और अनुमोदन या मान्यता वापस लेने की पूरी जिम्मेदारी उस (सोसाइटी/संस्थान/कालेज) पर होगी।

10. कोई भी कालेज/संस्थान केवल इस आधार पर कि उसे परिषद का अनुमोदन प्राप्त है, संस्थान या आवर्ती व्यय आदि के लिये केन्द्रीय या राज्य सरकार से वित्त सहायता अनुदान प्राप्त करने का दावेदार नहीं बनेगा।

(वचन देने वाले प्राधिकृत व्यक्ति
नाम और उसका पद)

(सील)

स्थान :

दिनांक

1. कोष्ठकों में संगत विवरण दिया जाना चाहिये

2. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि स्टा कागज तथा वचनबध का अधिप्रमाणन उचित रूप से कि गया है।

प्राइवेट तकनीकी संस्थाओं के शासी निकाय का मंडल ग

शासी निकाय में अध्यक्ष और सदस्य-सचिव सहि कम से कम 11 सदस्य होंगे। पंजीकृत सोसाइटी न्यास अध्यक्ष और सदस्य-सचिव सहित 6 सदस्यों को नामि करेगा और बाकी 5 सदस्यों का नामन इस प्रकार किया जायेगा :—

1. अध्यक्ष : अध्यक्ष का नामन पंजीकृत सोसाइट न्यास द्वारा किया जायेगा।

2–5. सदस्यों का नामन पंजीकृत सोसाइटी/न्य द्वारा किया जायेगा।

6. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

7. क्षेत्र से एक उद्योगपति/प्रौद्योगिकीविद्/शिक्षाविद् का नामन परिषद के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित पेनल में परिषद् के नामिती के रूप में संबंधित क्षेत्रीय समिति द्वारा किया जायेगा ।

8. संबंधक निकाय/विश्वविद्यालय/राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड का नामिती ।

9. राज्य सरकार का नामिती—तकनीकी शिक्षा निदेशक (पदेन) ।

10. राज्य सरकार द्वारा नामित किया गया क्षेत्र से एक उद्योगपति/प्रौद्योगिकीविद्/शिक्षाविद् ।

11. संबंधित तकनीकी संस्था का प्रिंसिपल/निदेशक (सोसाइटी/न्यास के नामिती के रूप में)—सदस्य-सचिव ।

तकनीकी संस्था के हित को ध्यान में रखते हुए पंजीकृत सोसाइटी के नामितियों और संबंधित क्षेत्र के शिक्षाविदों की इतनी ही संख्या जोड़कर सदस्यों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है । लेकिन शासी निकाय के कुल सदस्यों की संख्या 21 से अधिक नहीं होगी ।

शासी निकाय के अध्यक्ष की नियुक्ति

शासी निकाय का अध्यक्ष मुख्यतः एक तकनीकी व्यक्ति अर्थात् कोई उद्यमी या उद्योगपति या विख्यात शिक्षाविद् होगा जो तकनीकी शिक्षा के विकास में रुचि रखता हो और मूल सोसाइटी/न्यास का सदस्य हो तथा जिसने विशेषतः उच्च कोटि की शिक्षा को बढ़ावा देने में रुचि प्रदर्शित की हो ।

वर्तमान डिग्री संस्था के बारे में सूचना

(इंजीनियरी, वास्तुकला, फार्मेसी, अनुप्रयुक्त कलाएं आदि)

1.0 सामान्य

1.1 (क) संस्था का नाम :

(ख) डाक पता :

(पिनकोड सहित)

(ग) तार पता :

(घ) फैक्स और फोन नं.

(कोष्ठक में एस टी डी कोड सहित)

1.2 संस्था के अध्यक्ष का नाम

और पद तथा निवास

और कार्यालय का टेलीफोन

नं. (कोष्ठक में एस टी डी कोड सहित)

1.3 संस्था का प्रकार (निम्नलिखित में से किसी एक को निर्दिष्ट करें)

सरकारी (केन्द्रीय/राज्य/संघ शासित क्षेत्र)

प्राइवेट गैर अनुदान प्राप्त

अन्य (निर्दिष्ट करें)

प्राइवेट/सहायता प्राप्त

1.4 प्राइवेट संस्थाओं के मामले में प्रबंध एजेंसी का पूरा डाक पता और तार पता, फैक्स और फोन नं. (कोष्ठक में एस टी डी कोड सहित) दिया जाये ।

1.5 संस्था की स्थापना की तारीख (कृपया सरकार के संगत आदेश की प्रति संलग्न करें) ।

1.6 संबंधक विश्वविद्यालय का नाम और पूरा डाक पता लिखिए । कुलपति और कुलसचिव या समकक्ष अधिकारियों के नाम और फोन नम्बर भी दें ।

2.0 शैक्षिक सूचना

2.1 वर्ष 1992-93 के दौरान संचालित किये जा रहे शैक्षिक कार्यक्रम :

कार्यक्रम स्तर/ प्रदत्त डिप्लोमा	क्षेत्र/विशेषज्ञता	पूर्ण/अंशकालिक	अवधि (वर्ष)	स्वीकृत प्रवेश	वास्तविक दाखिले	आरंभ वर्ष
पूर्व-स्नातक						
बी. टेक.	सिविल इंजीनियरी	पूर्ण-कालिक	4	60	50	1972
बी.ई.	यांत्रिक इंजीनियरी	अंश-कालिक	4	30	28	198
बी. आर्की.	वास्तुकला	पूर्ण-कालिक	5	60	55	1985
बी. फार्मे.	फार्मेसी	पूर्ण-कालिक	4	60	53	1985
स्नातकोत्तर						
एम.टेक.	मशीन डिजाइन	पूर्णकालिक	1.5	10	10	198
एम.ई.	ताप इंजीनियरी	अंशकालिक	3	10	10	1984

2.2 क्या संस्था और संचालित किया गया/किये गए पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित हैं ?

--यदि हां, तो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के सभी अनुमोदन पत्रों की प्रति संलग्न कीजिये।

--यदि संचालित किये जा रहे किसी पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रमों) को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने अनुमोदन प्रदान नहीं किया है तो उसका कारण बताएं।

2.3 प्रवेश :

पाठ्यक्रम का नाम	प्रवेश के लिये प्रवेश विधि की अर्हता	सीटों का वितरण			
		राज्य सरकार	प्रबंधन	अनु.जा./ अनु.ज.जा.	अन्य

कृपया यह बताएं कि क्या प्रवेश परीक्षा का आधार अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंक हैं ?

2.4 यदि दाखिले अर्हक परीक्षा (यथा 10+2 आदि) में प्राप्त अंकों के आधार पर किये जाते हैं तो भौतिकी, रसायन और गणित विषयों में निर्धारित न्यूनतम-कुल प्रतिशत अंकों और न्यूनतम औसत प्रतिशत अंकों के संबंध में सभी दाखिलों का ब्योरा दीजिए।

2.5 स्वीकृत एवं वास्तविक दाखिले :

पाठ्यक्रम	स्वीकृत (स्वी.) और वास्तविक (वा.) प्रवेश					
	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93
	स्वी. वा.	स्वी.वा.	स्वी.वा.	स्वी.वा.	स्वी.वा.	स्वी.वा.

2.6 विगत पूरे 5 शैक्षिक वर्षों के दौरान

प्रथम वर्ष छात्र नामांकन का ब्योरा (5 वर्षों का जोड़)

छात्रों का प्रकार	कुल स्वीकृत प्रवेश	कुल प्रवेश	कुल प्रवेशों का प्रतिशत			कुल ड्राप-आउट	कुल प्रवेशों का प्रतिशत			कुल उत्तीर्ण छात्र
			अनु.जा./ अनु.ज.जा.	ग्रामीण और जन-जातीय	लड़कियां		अनु.जा./ अनु.ज.जा.	ग्रामीण और जन-जातीय	लड़कियां	
(क) पूर्व-स्नातक										
पूर्णकालिक										
अंशकालिक										
अन्य (निर्दिष्ट करें)										
(ख) स्नातकोत्तर										
पूर्णकालिक,										
अंशकालिक										
अन्य (निर्दिष्ट करें)										
(ग) डाक्टोरल या समकक्ष										
(घ) अन्य										

+यदि संस्था का काम करते हुए 5 वर्षों से कम हुए हैं तो वर्षों की संख्या बताएं जिनके लिये आंकड़े दिये गये हैं।

2.7. विगत पूरे 5 शैक्षिक वर्षों के दौरान द्वितीय वर्ष छात्र नामांकन का ब्यौरा (5 वर्षों का जोड़)

छात्रों का प्रकार	कुल स्वीकृत प्रवेश	कुल प्रवेश	कुल प्रवेशों का प्रतिशत			कुल ड्राप आउट	कुल ड्राप-आउटों का प्रतिशत			कुल उत्तीर्ण छात्र
			अनु.जा./ अनु.ज. जाति	ग्रामीण और जन-जातीय	लड़कियां पार्श्विक प्रवेशक		अनु.जा./ अनु.ज. जा.	ग्रामीण और जन-जातीय	लड़कियां पार्श्विक प्रवेशक	
(क) पूर्व-स्नातक										
पूर्णकालिक										
अंशकालिक										
अन्य (निर्दिष्ट करें)										
(ख) स्नातकोत्तर										
पूर्णकालिक										
अंशकालिक										
अन्य (निर्दिष्ट करें)										
(ग) डाक्टोरल या समकक्ष										
(घ) अन्य										

+यदि संस्था के काम करते हुए 5 वर्षों से कम हुए हैं उन वर्षों की संख्या बताएं जिनके लिये आंकड़े दिये गए हैं।

2.8 यदि कुछ पाठ्यक्रमों में पार्श्विक प्रवेश द्वारा भी दाखिले किये जाते हैं तो पार्श्विक दाखिले की प्रवेश अर्हता का ब्यौरा और पार्श्विक प्रवेश के लिये कुल आरक्षित सीटों का प्रतिशत तथा पार्श्विक प्रवेशकों की न्यूनतम दाखिल अर्हता का विवरण दीजिए।

2.9 संबंधक संस्था के कैलेंडर के अनुसार दाखिले आरंभ और बंद करने की तारीखें।

2.10 विगत दो शैक्षिक वर्षों के दौरान परीक्षा परिणामों का विवरण (दो वर्षों का जोड़)

छात्रों का प्रकार	परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	कुल उत्तीर्ण छात्र	विशेष योग्यता सहित उत्तीर्ण छात्र	प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र	द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र
(क) पूर्व स्नातक					
पूर्णकालिक					
अंशकालिक					
अन्य (निर्दिष्ट करें)					
(ख) स्नातकोत्तर					
पूर्णकालिक					
अंशकालिक					
अन्य (निर्दिष्ट करें)					
(ग) डाक्टोरल या समकक्ष					
(घ) अन्य					

2.11 विगत दो शैक्षिक वर्षों के दौरान संस्था के कार्य समय का ब्यौरा (औसत)

प्रति सेमेस्टर/वर्ष प्रत्याशित कार्य दिवसों की संख्या	प्रतिसेमेस्टर/वर्ष वास्तविक कार्य दिवसों की संख्या	प्रतिसेमेस्टर/वर्ष शिक्षण संबंधी काम के घंटों की संख्या	प्रतिसेमेस्टर/वर्ष वास्तविक संपर्क घंटे	अवकाश के दिनों की सं.	परीक्षा के लिये व्यतीत किये गये दिनों की संख्या

2.12 विगत दो शैक्षिक वर्षों के दौरान उत्तीर्ण छात्रों के नौकरी दिलवाने का ब्यौरा (2 वर्ष का जोड़)

